Title: Regarding closure of glass industry due to non-availability of CNG to the factory owners in Firozabad, Uttar Pradesh.

12.50hrs.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद कांच उद्योग के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। सुप्रीम कोर्ट के आर्डर से वहां की औद्योगिक इकाईयों के लिए यह तय हुआ कि कोयला आधारित इकाईयों को बन्द कर दिया गया और गेल ने कारखाने वालों से एक अनुबन्ध किया कि हम आपको सी.एन.जी. देंगे, प्राकृतिक गैस देंगे।

फिरोजाबाद में लगभग 400 औद्योगिक इकाइयां हैं। जिनमें से 74 कारखानों को सी.एन.जी. मिल रही है। करीब डेढ़-दो साल से 90 लोगों के साथ अनुबंध हो चुका है। वहां पर लगभग दो लाख मजदूर कांच उद्योग से सम्बद्ध हैं और वे इस समय भुखमरी के शिकार हैं। यह लघु और कुटीर उद्योग है। इसके अलावा वहां पर जो गैस मिल रही है, वह अन्य शहरों की तुलना में काफी महंगी है। बड़ौदा में 3200 रुपए प्रति हजार क्यूबिक मीटर, दिल्ली में 4000 रुपए प्रति हजार क्यूबिक मीटर और फिरोजाबाद में 5100 रुपए प्रति हजार क्यूबिक मीटर की दर से मिल रही है। फिरोजाबाद मेरा संसदीय क्षेत्र है। राम नाईक जी यहां बैठे हुए हैं। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वहां जो लाखों लोग भुखमरी का शिकार हो रहे हैं और बेरोजगार हो गए हैं। इसलिए उनको राहत देने के लिए वे तुरंत हस्तक्षेप करके अग्रिम गैस सप्लाई की व्यवस्था जल्द से जल्द कराएं।

अध्यक्ष महोदय : आप पहले अपनी सीट पर जाएं, आगे कैसे आ रहे हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री राम नाईक) : आगरा और फिरोजाबाद का उल्लेख किया गया है। मैं वहां खुद गया था। वहां कुछ लोगों को इसके तहत हमने नई सुविधा प्रदान की है। माननीय सदस्य कुछ स्पेसिफिक बात हो तो वे मुझे बताएं या लिखकर दे दें, मैं जरूर ख्याल रखूंगा। इस समय मैं इतना ही कह सकता हूं।

श्री रामजीलाल सुमन : वहां 90 इकाइयों का अनुबंध हुए दो साल के करीब हो गए हैं। आप उनको गैस नहीं दे रहे हैं। केवल 74 इकाइयों को ही दी है, जबकि एग्रीमेंट पहले से ही हो चुका है।